विनियामक फोरम
(एफओआर)

वार्षिक रिपोर्ट
2021-22

वार्षिक रिपोर्ट

2021-22

विनियामक फोरम (एफओआर)

विनियामक फोरम (एफओआर)
सचिवालय: मार्फत केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (केविविआ)
तृतीय और चतुर्थ तल, चंद्रलोक बिल्डिंग, 36 जनपथ, नई दिल्ली-110001
दूरभाष :+91-11-23753920 फैक्स : 91-11-23752958

प्रस्तावना

वर्ष 2021–22 के दौरान, महामारी के बावजूद, विनियामक फोरम ने विद्युत क्षेत्र में महत्वपूर्ण विषयों पर बैठकें और विचारविमर्श जारी रखा और इस प्रकार के विवेचनीय विषय पर सहमति बनाना जारी रखा। अपनी बैठकों के दौरान फोरम ने कई विषयों पर विचार विमर्श किया जो क्षेत्रीय विकास और कार्यनिष्पादन को प्रभावित करते हैं।

विनियामक फोरम आरंभ किया गया एक विषय विद्युत विनियामक सूचना पहुंच और विश्लेषण रहा है जो टैरिफ संबद्ध पैरामीटरों को उपलब्ध करवाता है। विद्युत क्षेत्र सुधार कार्यक्रम के अधीन विकसित तकनीकी सहायता विनियामक फोरम की 78वीं बैठक के दौरान आरंभ किया गया और वह इस प्रकार के डाटा पर सूचना के पहुंचने के लिए विनियामकों को उपलब्ध होगा जो निर्णय करने में मददगार होता है।

संचार के विकास को तेज गति देने के लिए 5जी तकनीक की भूमिका महत्वपूर्ण है इसलिए फोरम ने 78वीं बैठक के दौरान क्रॉस क्षेत्र सहयोग ट्राई के प्रोत्साहन में विस्तार किया। ट्राई देश में 5जी तकनीक के सुचारू रूप से करने के लिए राज्य विद्युत विनियामकों से संपर्क करेगी।

फोरम ने ''निवेश पर रिटर्न और ''वितरण क्षेत्र में प्रचालन मानदण्ड के लिए मानकों को परिभाषित करने सहित सीईआरसी द्वारा विकसित आस्तियों के लिए मूल्यह्रास दरों को संशोधित करते हुए वितरण आस्तियों के लिए मूल्यह्रास के मानक दरों को विकसित करने के उद्देश्य से वितरण आस्तियों तथा वितरण के लिए वित्तीय मूल्यह्रास के सिद्धांतों के ''वितरण के लिए वित्तीय मानदण्डों और प्रचालन तथा वितरण आस्तियों के लिए मूल्यह्रास के सिद्धांतों को विकसित करने के लिए अध्ययन किया। इस अध्ययन में भारत में अन्य अवसंरचनात्मक क्षेत्रों सहित विद्युत वितरण क्षेत्र में मूल्यह्रास मानदण्डों के तुलनात्मक विश्लेषण और बेंचमार्किंग को शामिल किया गया। अध्ययन में आस्ति के जीवन के माध्यम से अपनाई जाने वाली मूल्यह्रास दर और विभिन्न प्रकार की आस्तियों के लिए अपनाए जाने वाले उपयोगी जीवन की सिफारिश की गई। वितरण मार्जिन पहलू पर, अध्ययन में उपभोक्ता स्तर कार्यनिष्पादन में क्रमिक मार्गस्त के लिए रोडमैप के विकास की सिफारिश की गई, आरओई आधारित वितरण मार्जिन तथा यूटिलिटी के लिए पुरस्कार/दण्ड के लिए तंत्र के रूप में उपभोक्ता स्तर कार्यनिष्पादन पैरामीटरों को रखने की सिफारिश की गई।

नवीकरणीय उर्जा के व्यापक प्रभाव को ध्यान में रखते हुए फोरम ने स्टोरेज के मूल्य के मूल्यांकन के लिए कार्यदल को गठित करने का निर्णय लिया चूंकि स्टोरेज तकनीक में नवीकरणीय उर्जा स्रोतों से वृद्धिशील समेकन को प्रोत्साहित करने की संभावना है और ग्रिड की अपेक्षाओं की पूर्ति की संभावना है। कार्यदल को ईवी के लिए उपयुक्त टैरिफ संरचना और विद्युत वाहन सहित उर्जा स्टोरेज पर वांछनीय विनियामक फ्रेमवर्क पर अन्य बातों के साथ साथ सिफारिश करने और जांच करने का अधिदेश दिया। कार्यदल की सिफारिश का स्टोरेज सहायता के रूप में ईवी के कार्यान्वयन स्टोरेज तकनीक के विकास पर दीर्घकालिक प्रभाव होगा।

फोरम ने नवीकरणीय उर्जा उत्पादकों के नवीकरणीय उर्जा प्रभावों की कमी के रूप में नवीकरणीय उर्जा की कमी के संबंध में मार्गदर्शी सिद्धांत के लिए कार्यबल का गठन किया।

एफओआर ने संसाधन पर्याप्तता पर कार्यबल भी गठित किया है जो प्रणाली में रिजर्व अपेक्षा में फेक्टरिंग द्वारा संसाधनों की प्राप्ति के लिए विवेचनीय है।

विद्युत विनियामक आयोगों के कर्मियों/व्यवसायिकों की कुशलताओं और जानकारी को व्यापक बनाने के लिए एफओआर ने क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने सहित विविध उपाय किए। महामारी के कारण एफओआर ने सीजीआरएफ और लोकपाल के अधिकारियों के लिए ''उपभोक्ता हित के संरक्षण'' पर ऑनलाइन क्षमता निर्माध कार्यक्रम, सीईआरसी/एसईआरसी/जेईआरसी के कर्मियों और विनियामकों के लिए ''विद्युत क्षेत्र में विनियामक फ्रेकमवर्क'' कार्यक्रम और एसईआरसी/जेईआरसी के कर्मियों के लिए ''उभरते परिदृश्य के लिए विद्युत क्षेत्र के लिए विनियामक सर्वोत्तम पद्धतियां कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विशेषज्ञों, व्यावसायिकों और इनहाउस अध्ययन के साथ विचार विमर्श, इनहाउस विचार विमर्श, क्षमता निर्माण और कुशलता विकास कार्यक्रम के माध्यम से विकसित समझ के माध्यम से क्षेत्र के विकास के लिए मूल्यवान अंतरदृष्टि विकास के लिए फोरम का कोई प्रयास फोरम के सदस्यों के सक्रिय सहभागिता के बिना अपेक्षित उपलब्धि अर्जित नहीं कर सकता। फोरम के अधिदेश को पूरा करने में सभी स्टेकहोल्डरों से हम निरंतर समर्थन की अपेक्षा करते है।

अध्यक्ष, विनियामक फोरम

विषय–वस्तु

1. विनियामक फोरम के बारे में (एफओआर) 7

फोरम का गठन 7

फोरम के कार्य 7

फोरम का वित्त 8

मिशन विवरण 8

2 फोरम की गतिविधियां 9

क. विनियामक फोरम की बैठकें 9

ख. वर्ष के दौरान कार्य दल की गतिविधिया 12

ग. पूरे किए गए अध्ययन 17

घ. क्षमता निर्माण कार्यक्रम 18

3. 2021–22 के दौरान विनियामक फोरम के सदस्य विनियामक निकायों की उपलब्धि (सीईआरसी/ एसईआरसी/जेईआरसी) 20

क. केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग 20

ख. राज्य विद्युत विनियामक आयोग 22

4. राष्ट्रीय विद्युत नीति और टैरिफ नीति से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर स्थिति रिपोर्ट 37

5. केविविआ/एसईआरसी और जेईआरसी के अध्यक्षों की सूची 39

6. एफओआर के वार्षिक लेखा 41

अनुबंध- 1 61

केविविआ द्वारा अवधारित उत्पादन टैरिफ 61

हाइड्रो उत्पादनकारी केन्द्रों का समन्वित टैरिफ 63

नवीकरणीय ऊर्जा टैरिफ 65

अनुबंध- II 71

एसईआरसी/जेईआरसी के टैरिफ आदेशों को जारी करने की समयबद्धता 71

अनुबंध- III 76

सीजीआरएफ और ओमबडसमैन के कार्य 76

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान सीजीआरएफ और ओमबडसमैन के संबंध में रिक्त पदों का सार 76

सीजीआरएफ की शिकायतों के निपटान की स्थिति – अप्रैल 2021 से मार्च 2022 77

ओमबडसमैन की शिकायतों के निपटान की स्थिति – अप्रैल 2021 से मार्च 2022 79

1 विनियामक फोरम (एफओआर) के बारे में

विद्युत क्षेत्र के लिए एक स्वतंत्र विनियामक आयोग की परिकल्पना वर्ष 1990 के दशक के आरंभ में उस समय की गई थी जब 1994 में महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में विद्युत संबंधी राष्ट्रीय विकास परिषद समिति ने 'सार्वजनिक और निजी प्रयोज्यताओं की टैरिफ नीतियों को विनियमित करने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर स्वतंत्र व्यवसायिक टैरिफ बोर्डो का गठन' करने की सिफारिश की थी। समिति ने यह भी दोहराया था कि 'टैरिफ बोर्डो से प्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक राज्य के लिए समुचित विद्युत टैरिफों को तैयार करने के मामले में उच्च स्तर की व्यवसायिकता आ सकेगी।' विनियामक आयोग के गठन की आवश्यकता को वर्ष 1996 में आयोजित मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में पुनः दोहराया गया। सम्मेलन में अन्य बातों के साथ साथ विद्युत के लिए सामान्य न्यूनतम राष्ट्रीय कार्रवाई योजना की बात को व्यक्त करते हुए यह सहमति हुई कि राज्य विद्युत बोर्डों में सुधार और पुनर्संरचना करना आवश्यक है तथा इन्हें निश्चित सीमा के अंदर पूरा किया जाना चाहिए और इस दिशा में एक उपाय के रूप में विद्युत विनियामक आयोगों को बनाने की बात को समझा गया। इस प्रकार केन्द्र तथा राज्यों में विद्युत विनियामक आयोगों के निर्माण के लिए विद्युत विनियामक आयोग (ईआरसी) अधिनियम, 1998 (संक्षेप में, 1998 अधिनियम) अधिनियमित किया गया। 1998 का अधिनियम, टैरिफ विनियमन से सरकार को दूर रखने के उद्देश्य से अधिनियमित किया गया था। 1998 के अधिनियम में विद्युत टैरिफ को तर्कसंगत बनाने, टैरिफ सब्सिडी इत्यादि से संबंधित पारदर्शिता नीतियों के सुव्यवस्थितीकरण के लिए केन्द्र तथा राज्यों में विद्युत विनियामक आयोगों के लिए उपबंध किया गया। 1998 के अधिनियम को तब से विद्युत अधिनियम 2003 (संक्षेप में, 2003 का अधिनियम) द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया है। 2003 अधिनियम के आरंभ से, विद्युत विनियामक आयोगों के कृत्यों में, अन्य बातों के साथ, विद्युत बाजार के क्षेत्र के विकास की भूमिका और सरकार को परामर्श देने का कार्य सौंप कर, विस्तार किया गया है। केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (केविविआ) तथा अधिकांश राज्य विद्युत विनियामक आयोग (एसईआरसी), 1998 के अधिनियम के अंतर्गत गठित किए गए थे। तथापि, मेघालय राज्य विद्युत विनियामक आयोग (एमएसईआरसी), जेईआरसी – (मणिपुर एवं मिजोरम), जेईआरसी (गोवा एवं संघ शासित प्रदेश) और जेईआरसी (जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख) तथा जैसे कुछ एसईआरसी/जेईआरसी, 2003 के अधिनियमन के बाद गठित किए गए थे। इस फोरम का गठन, विद्युत क्षेत्र में ईआरसी, एसईआरसी और जेईआरसी द्वारा निर्मित विनियमों के संगतिकरण के मुख्य उद्देश्य से विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 166(2) के अधीन उपबंध के अनुसरण में विद्युत मंत्रालय (एमओपी) की 16 फरवरी, 2005 की अधिसूचना द्वारा किया गया था।

फोरम का गठन

फोरम में केन्द्रीय आयोग के अध्यक्ष एवं राज्य आयोगों के अध्यक्ष शामिल होंगे। केन्द्रीय आयोग के अध्यक्ष विनियामक फोरम के अध्यक्ष होंगे। केन्द्रीय आयोग के सचिव फोरम के पदेन सचिव होंगे। फोरम की सचिवीय सहायता केन्द्रीय आयोग द्वारा प्रदान की जाएगी। फोरम का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित होगा।

फोरम के कार्य

फोरम निम्नलिखित कार्यों का निर्वहन करेगा अर्थातः–

- केन्द्रीय आयोग तथा राज्य आयोगों के टैरिफ आदेशों तथा अन्य आदेशों का विश्लेषण एवं उक्त आदेशों से उत्पन्न आकंडों का संकलन करना विशेष रूप से प्रयोज्यताओं की कार्यकुशलता को रेखांकित करना;
- विद्युत क्षेत्र में विनियमन में एकरूपता;
- अधिनियम के अंतर्गत अपेक्षित अनुज्ञप्तिधारियों के कार्यनिष्पादन के मानकों को निर्धारित करना;
- सामान्य हित के और सामान्य दृष्टिकोण के विभिन्न मुददों के संबंध में फोरम के सदस्यों को सूचना शेयर करना;

- ऊर्जा क्षेत्र विनियमन से संबंधित मुददों पर आउटसोंर्सिंग के माध्यम से या इनहाउस अनुसंधान कार्य से पूरा करना;
- उपभोक्ताओं के हित की सुरक्षा के लिए उपाय विकसित करना और ऊर्जा क्षेत्र में कार्यकुशलता, मितव्ययिता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना; तथा
- इस प्रकार के अन्य कार्य जिसे केन्द्रीय सरकार समय समय से निर्दिष्ट कर सकती है।

फोरम का वित्त

केन्द्रीय आयोग फोरम का सचिवालय होने के नाते फोरम की गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए राज्य आयोगों से आवश्यक वित्तीय अंशदान ले सकती है। केन्द्रीय आयोग फोरम की गतिविधियों के लिए अलग लेखा रखेगी।

मिशन विवरण

विनियामक फोरम की अवधारणा स्वतंत्र विनियमों के विकास को पूरा करने तथा भारत में विद्युत क्षेत्र में स्टेक रखने वालों को शक्ति प्रदान करने के मिशन से आरंभ किया गया था। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए फोरम का लक्ष्य निम्नानुसार हैः–

- विद्युत क्षेत्र में विनियमों की एकरूपता।
- सम्पूर्ण भारत में राष्ट्रीय नीतियों का अनुपालन
- भारत में विद्युत क्षेत्र में विनियामक निश्चितता बनाए रखने के लिए ईआरसी को प्लेटफार्म उपलब्ध करवाना।
- उपभोक्ताओं के हित में व्यापक नीतियों/विनियमों के कार्यान्वयन के माध्यम से निवेश को बढ़ावा देने के लिए पहल करना।

2 विनियामक फोरम की गतिविधियां

क. विनियामक फोरम की बैठकें

फोरम ने वर्ष के दौरान 5 वर्चुअल बैठकें आयोजित की और कई विवेचनीय विषयों पर सर्वसम्मति विकसित की

1. विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए 9 अप्रैल 2021 को आयोजित 74वीं एफओआर की बैठक

क. वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए प्राक्कलित व्यय और प्रत्याशित आय को दर्शाते हुए विनियामक फोरम के बजट पर विचार किया गया। इसके बाद बजट अनुमोदित किया।

ख. फोरम को लेखापरीक्षित, कर दाता, जीएसटी परामर्शदाता की नियुक्ति के लिए सतत प्रक्रिया के बारे में सूचित किया गया।

ग. फोरम को सतत आईटी मामले अर्थात निर्धारण वर्ष 2016–17 (वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए) एफओआर के दण्ड मामलों की स्थिति के बारे में सूचित किया।

घ. फोरम ने ''रिटेल टैरिफ को प्रभावित करने वाले घटक और उनका पता लगाने वाले तरीको के संबंध में एफओआर के कार्यदल के रिपोर्ट पर विचारविमर्श किया गया।

ङ. फोरम ने एसईआरसी से संदर्भों पर विचार विमर्श किया।

- विद्युत अधिनियम 2003 के अधीन विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी की गई नियमावली
- आरपीओ (सौर आरपीओ और एचपीओ) की दीर्घकालिक टरेजेक्टरी
- डिस्कॉम द्वारा विद्युत के आयात के विषय का पता लगाने के लिए मॉडल विनियम
- निर्बाध पहुंच के माध्यम से राज्य के अंदर/बाहर स्थित केप्टिव उत्पादक
- शेयर का अभ्यार्पण तथा गैर किफायती एनटीपी गैस पावर केन्द्र
- डिस्कॉम के निजीकरण के लिए भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के अधीन वित्तीय सहायता का विस्तार

2. विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 30 अप्रैल, 2021 को आयोजित एफओआर की 75वीं बैठक

क. फोरम ने ''रिटेल टैरिफ को प्रभावित करने वाले घटक और उनका पता लगाने के तरीके'' पर एफओआर के कार्यदल की रिपोर्ट को अंगीकार किया और अनुमोदित किया।

3. सीईआरसी नई दिल्ली में 01 अक्तूबर 2021 को आयोजित एफओआर की 76वीं बैठक

क. फोरम ने पीएसआर कार्यक्रम के अधीन एफओआर के सहयोग से विकसित विद्युत विनियामक सूचना पहुंच और विश्लेषणात्मक प्लेटफार्म (विनियामक टूल) आरंभ किया।

ख. एफओआर ने वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए एफओआर के लेखापरीक्षित लेखों को अनुमोदित किया। सदस्यों को सूचित किया गया कि आयकर विभाग ने ''विवाद से विश्वास योजना 2020'' के अधीन निर्धारण वर्ष 2016–17 के लिए एफओआर के दण्ड मामलों को विधिवत रूप से निपटाया।

ग. फोरम ने ''वर्चुअल मोड के माध्यम से आयोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रम से संबंधित लागतों को पुनरीक्षित करने'' पर एफओआर कार्यदल की रिपोर्ट को अंगीकार किया।

घ. फोरम ने निम्नलिखित संदर्भों पर विचार विमर्श किया।

- राज्य पारेषण कंपनी द्वारा पूंजी व्यय योजना – विद्युत पावर एसोसिएशन से संदर्भ
- स्मार्ट प्रीपेड मीटर, ईवी एवं स्टोरेज से संबद्ध विषयों पर विचार विमर्श – डब्ल्यूबीआरसी से संदर्भ
- ईवी टैरिफ में एकरूपता निर्धारण करने के लिए दृष्टिकोण – टीईआरसी से संदर्भ
- आरपीओ से आगे अधिक नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्ति के लिए जारी किए गए नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्रों के स्वरोक के माध्यम से वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा आरपीओ की ऑफसेटिंग – एचपीईआरसी से संदर्भ
- उप पारेषण प्रणाली के कार्यनिष्पादन सुधार के लिए पारेषण के अधीन 33 केवी प्रणाली लाना – एचईआरसी से संदर्भ।
- मॉडल टैरिफ विनियम – विद्युत मंत्रालय से संदर्भ

4. यूपीईआरसी लखनऊ और एमएस टीम ने 17 दिसंबर, 2021 को आयोजित एफओआर की 77वीं बैठक

क. फोरम ने पीएम कुसुम योजना की अवधारणा पर विचार विमर्श किया – कनवर्जेनश एनर्जी सर्विस लि. से संदर्भ

ख. फोरम ने ''वितरण आस्तियां, निवेश पर रिटर्न तथा वितरण क्षेत्र पर प्रचालन मानदण्ड के लिए मूल्यह्रास की दरों को विकसित करने'' पर एफओर की कार्यबल रिपोर्ट को स्वीकार किया।

ग. फोरम ने ''मांगपक्ष लोचशीलता को अनलॉक करना'' पर विचार विमर्श किया – इरेडे द्वारा की गई प्रस्तुति

घ. फोरम ने वित्तीय डेरिवेटिव पर विचार विमर्श के संबंध में भारत में विद्युत बाजार विकास पर विचार विमर्श किया।

ङ. फोरम ने नवीकरणीय ऊर्जा कमी के लिए मार्गनिर्देश के संबंध में 2 अगस्त, 2021 के एपटेल आदेश पर विचार विमर्श किया।

च. फोरम ने सामान्य नेटवर्क पहुंच पर विचार विमर्श किया।

छ. फोरम ने निम्नलिखित के रूप में सदर्भों पर विचार विमर्श किया।

- सीजीआरएफ की स्थापना और आपूर्ति कोड में संशोधन – विद्युत मंत्रालय से संदर्भ
- आरसीडी गाइड – टीएनईआरसी से संदर्भ
- भारतीय रेलवे – सीएसईआरसी से संदर्भ

FORUM OF REGULATORS (FOR)
77th MEETING

5. कोलकाता एवं सुंदरबन पश्चिम बंगाल में 3 से 5 मार्च 2022 के दौरान आयोजित एफओआर की 78वीं बैठक

फोरम ने निम्नलिखित संदर्भों पर विचार विमर्श किया:

क. एफओआर मॉडल टैरिफ विनियम – विद्युत मंत्रालय से संदर्भ

ख. सीईआर, आईआईटी कानपुर से संदर्भ

- विनियामक ट्रेकर टूल आरंभ

ग. यूएसएआईडी / यूएसईए से संदर्भ

- यूएसएआईडी के नए दक्षिण एशिया प्रादेशिक ऊर्जा भागीदारी कार्यक्रम के अधीन एफओरआर को तकनीकी सहायता

- अध्ययन दौरा

घ. राज्यों के उत्पादन केन्द्रों में एजीसी का कार्यान्वयन और राज्य स्तर थर्मल पावर प्लांट में एजीसी के कार्यान्वयन के लिए प्रस्ताव में सहमति

ङ. निर्धारण वर्ष 2012–13 के लिए टीडीएस वापसी को राइटिंग आफ करने और वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए लेखा बहियों से आयकर वापसी

च. ''टेलीकॉम विनियामक और विद्युत विनियामकों के बीच क्रॉस क्षेत्र सामूहिक विनियम'' पर एफओआईआर के कार्यसमूह की सिफारिशों पर विचार विमर्श किया।

छ. वित्तीय डेरिवेटिव पर यूएसएआईडी से सहायता सहित एफओआर सचिवालय द्वारा आयोजित वेबीनारों के छः सत्रों की सीरीज पर पहल की प्रशंसा की।

ख. वर्श के दौरान एफओआर कार्य ग्रुप की गतिविधियां

कार्य ग्रुप विनिर्दिष्ट / विवेचनीय मुददों पर विचार विमर्श के लिए विनियामक फोरम के सदस्यों से गठित किए जाते हैं जिससे गहन अध्ययन की आवश्यकता होती है। यह ग्रुप विनिर्दिष्ट विषय क्षेत्र के आसपास की गतिविधि या विचार विमर्श पर केन्द्रित करता है और रिपोर्टों के रूप में अपने सुझावों / सिफारिशों को सामने लाता है।

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान कार्य ग्रुप के पूर्ण अध्ययन नीचे दिए गए हैं :

1 रिटेल टैरिफ को प्रभावित करने वाले घटकों का विश्लेषण और उनका पता लगाने के उपाय

कार्यग्रुप 16.10.2020 को आयोजित विशेष एफओआर बैठक के दौरान गठित किया गया। कार्य ग्रुप के सदस्य निम्नानुसार हैं:

1 सुश्री कुसुमजीत सिद्धू, अध्यक्ष पंजाब राज्य, विद्युत विनियामक आयोग – अध्यक्ष

2 श्री आनंद कुमार, अध्यक्ष गुजरात विद्युत विनियामक आयोग – सदस्य

3 श्री सुतिरथा भट्टाचार्य, अध्यक्ष पश्चिम बंगाल विद्युत विनियामक आयोग – सदस्य

4 श्री यू. एन. बेहेरा, अध्यक्ष उड़ीसा विद्युत विनियामक आयोग – सदस्य

5 श्री एम. चंद्रशेखर, अध्यक्ष तमिलनाडु विद्युत विनियामक आयोग – सदस्य

6 एम. के. गोयल, अध्यक्ष, संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (गोवा एवं संघशासित प्रदेश) – सदस्य

7 डा. सुशांत के. चटर्जी, प्रमुख (विनियामक मामले) केविविआ – संयोजक

एफओआर द्वारा निर्णित कार्य ग्रुप का कार्य नीचे दिया गया है :

1 विद्युत क्रय लागत के विभिन्न संघटकों का विश्लेषण और रिटेल टैरिफ पर उसका प्रभाव

2 बाहरी घटकों का विश्लेषण (अर्थात् विद्युत क्षेत्र के लिए बाहरी घटक) और रिटेल टैरिफ को प्रभावित करने वाले आंतरिक घटक (उत्पादन, पारेषण और वितरण की मूल्य श्रृंखला।

3 उक्त 1 और 2 से विश्लेषण से उद्भूत विषयों का पता लगाने के लिए उपायों का सुझाव करना।

4 कोई अन्य संबद्ध मामले और उक्त से संबंधित।

निम्नलिखित कार्य ग्रुप के लिए मुख्य सिफारिशें हैं :

(i) कोयला, रेलवे भाड़ा, स्वतंत्र विनियामक निकाय के अधीन किया जाना चाहिए चूंकि वे एकाधिकार स्थिति रखते हैं और फिलहाल गैर विनियमित हैं।

(ii) विद्युत विनियामकों को कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों के एसएचआर और जीसीवी को मॉनिटर तथा विनियमित करना चाहिए।

(iii) नए वातावरण मानदण्डों के कार्यान्वयन से ऊर्जा की प्रति यूनिट लागत में निश्चित रूप से वृद्धि हो रही है। लागत में यह वृद्धि क्लिन ऊर्जा उपकर से क्षतिपूर्ति की जानी चाहिए।

(iv) फ्लाईएश के परिवहन और निपटान के लिए प्रस्तावित मानदण्ड का उत्पादन की लागत पर पर्याप्त प्रभाव होगा और उपभोक्ता टैरिफ पर भी प्रभाव होगा। यह सिफारिश की जाती है कि फ्लाईएश के परिवहन की लागत आंशिक रूप से केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा वहन की जानी चाहिए।

(v) पारेषण योजना डिस्काम और एसटीयू द्वारा उचित मांग पूर्वानुमानों पर आधारित होनी चाहिए।

(vi) उत्पादन आस्तियां अशक्त हैं। पुराने गैस संयंत्र अब अधिक खर्चीले हैं और नियत लागतें बिना उपयोग के दी जा रही हैं।

(vii) उत्पादन/पारेषण और वितरण कंपनियों को अनुमत्त इक्विटी पर रिटर्न अधिक वास्तविक और ब्याज दरों के समतुल्य बनाने की आवश्यकता है।

(viii) मूल्यह्रास दर तर्कसंगत होना चाहिए और आरंभिक उच्चतर मूल्यह्रास दर की अवधि 12 वर्षों से बढ़ाकर 15 वर्ष किया जाए।

मूल्यह्रास की दर पहले 12 वर्षों के लगभग 5.28 प्रतिशत के स्थान पर स्ट्रेट लाइन पद्धति के आधार पर पहले 15 वर्षों के लिए 4.3 प्रतिशत होना चाहिए और शेष मूल्यह्रास बकाया उपयोगी जीवन के दौरान वसूल किए जाने चाहिए।

ऋण पुनर्भुगतान से संचित मूल्यह्रास ऋण पुनर्भुगतान की समाप्ति के बाद आरओई के लिए इक्विटी आधार कम करने के लिए प्रयुक्त होना चाहिए।

(ix) बड़े आरई क्षेत्र में, हाइब्रिड नवीकरणीय (पवन एवं सौर का सम्मिश्रण) और ऊर्जा स्टोरेज सहित नवीकरणीय को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए जिससे पारेषण आस्तियों का बेहतर उपयोग किया जा सके।

(x) राइट एनर्जी मिक्स और दीर्घकाल, मध्यकालिक और अल्पकालिक पीपीए का राइट मिक्स – उत्तम पद्धतियां

(xi) बाजार के अधिकतम उपयोग के माध्यम से लागत बढ़ाना।

(xii) व्यापार मार्जिन कम किया जाए

(xiii) हाइड्रो परियोजनाओं के लिए जल उपयोग प्रभारों का अधित्याग

(xiv) हाइड्रो पावर परियोजनाओं और न्यूक्लियर पावर परियोजनाओं को छोड़कर सभी भावी उत्पादन परियोजनाओं को प्रतिस्पर्धात्मक बोली के माध्यम से प्राप्त किया जाना चाहिए।

(xv) ओएण्डएम व्यय के लिए मानदण्डों को केविविआ द्वारा अधिक कड़ा बनाना चाहिए।

(xvi) कार्य पूंजी पर ब्याज के मानदण्ड पीएलएफ के कम होते स्तर की मौजूदा वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए केविविआ द्वारा पुनरीक्षा की जानी चाहिए जिससे कम ईंधन स्टॉक अपेक्षा इत्यादि होता है।

बैठक के दौरान सहमत सुझावों को शामिल करने के बाद ''रिटेल टैरिफ को प्रभावित करने वाले घटक और उनका पता लगाए जाने वाले तरीके'' पर रिपोर्ट 30.4.2021 को आयोजित एफओआर की 75वीं बैठक के दौरान अंतिम रूप दिया गया।

2. वर्चुअल मोड के माध्यम से आयोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रम से संबद्ध लागतों का पुनरीक्षण करना

कार्य ग्रुप 9.4.2021 को आयोजित एफओआर की 74वीं बैठक के दौरान गठन किया गया। कार्य ग्रुप के सदस्य निम्नानुसार है।

i. श्री सुतिरथा भट्टाचार्य, अध्यक्ष पश्चिम बंगाल विद्युत विनियामक आयोग – अध्यक्ष

ii. श्री यू. एन. बेहेरा, अध्यक्ष उड़ीसा विद्युत विनियामक आयोग – सदस्य

iii. श्री राज प्रताप सिंह अध्यक्ष उत्तर प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग – सदस्य

iv. श्री प्रेमन दिनराज अध्यक्ष केरल विद्युत विनियामक आयोग – सदस्य

v. डॉ सुशांत के. चटर्जी, प्रमुख (विनियामक मामले) केविविआ – संयोजक

कार्य विस्तार निम्नानुसार है:

i. भौतिक और ऑनलाइन ढंग से आयोजित कार्यक्रमों के लिए विभेदक लागतों की किस्म।

ii. उपयुक्त संस्थाओं के चयन की प्रक्रिया और उनका कार्यक्रम लागत संरचना ।

iii. ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए उपयुक्त संस्थाओं के चयन और खर्चों के तर्कसंगतता के लिए पद्धति का सुझाव देना।

कार्य ग्रुप की मुख्य सिफारिशें निम्नानुसार हैं :

1 प्रशिक्षण कार्यक्रमों को निम्नानुसार श्रेणीबद्ध किया जाए :

क आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के लिए (देशी/अंतरराष्ट्रीय)

ख आयोग के अधिकारी और स्टाफ के लिए (देशी/अंतरराष्ट्रीय)

2 मान्यता प्राप्त संस्थाओं को (विगत में संबद्ध और नई संस्थाएं) रोटेशन आधार पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम और प्रशिक्षण के लिए एफओआर सचिवालय द्वारा उल्लिखित किया जाए।

3 आंतरिक स्रोतों तथा विशेषज्ञता का पता लगाने के लिए केविविआ, एसईआरसी, जेईआरसी को एफओआर सचिवालय द्वारा लिखना। उन्हें इनहाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन और सहभागियों को हॉस्ट करने के लिए वालंटियर तथा संसाधन टूल, प्रशिक्षण अपेक्षाओं की उपलब्धता करें।

4 एफओआर सचिवालय सदस्यों द्वारा यथाप्रदत्त संसाधन पूल का संकलन करेगा और प्रशिक्षण संकाय के

रूप में शामिल करने के लिए कार्यक्रमों के विषय पर आधारित चुनिंदा प्रशिक्षण संस्थाओं को उसे प्रेषित करेगा।

5 एफओआर सचिवालय पायलट कार्य के रुप में आने वाले दो तीन महीनों में ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम की योजना करेगा। सहभागियों से फीडबैक प्राप्त करेगा और उसके बाद भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम को आयोजित करने का निर्णय करेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रमों की लागत और विदेश यात्रा की लागत एफओआर द्वारा वहन की जाएगी जबकि देशी यात्रा की लागत संबंधित ईआरसी द्वारा वहन की जाएगी जिसके आयुक्त/अधिकारी कार्यक्रम के लिए नामित किए जाते हैं।

6 मानदेय भारत सरकार/राज्य सरकार के प्रचलित नियमों के अनुसार प्रशिक्षण संकाय के रूप में उनकी भूमिका के लिए सदस्यों के स्टाफ के लिए अदा किया जाए।

7 एफओआर सचिवालय केविविआ, एसईआरसी, जेईआरसी से प्राप्त सूचना के आधार पर 31.3.2022 तक प्रशिक्षण कलैण्डर (अग्रिम में छः माह) तैयार करें।

एफओआर ने 1.10.2021 को आयोजित अपनी 76वीं बैठक में कार्य ग्रुप की रिपोर्ट और सिफारिशें अंगीकार की।

3. वितरण आस्तियों के लिए मूल्यह्रास की दरें, निवेश पर रिटर्न और वितरण क्षेत्र पर प्रचालनकारी मानदण्ड विकसित करना।

कार्य दल 9.4.2018 को आयोजित एफओआर की 63वीं बैठक के दौरान गठित किया गया। कार्य दल के सदस्य निम्नानुसार है :

i. श्री पी. के. पुजारी, अध्यक्ष केविविआ – अध्यक्ष
ii. सुभाष चन्द्र दास, अध्यक्ष/सदस्य, असम विद्युत विनियामक आयोग – सदस्य
iii. एस. के. नेगी, अध्यक्ष/सदस्य बिहार विद्युत विनियामक आयोग – सदस्य
iv. आनंद कुमार, अध्यक्ष/सदस्य गुजरात विद्युत विनियामक आयोग – सदस्य
v. श्री प्रेमन दिनराज, अध्यक्ष/सदस्य केरल राज्य विद्युत विनियामक आयोग – सदस्य
vi. रबिन्द्र नाथ सैन, अध्यक्ष/सदस्य पश्चिम बंगाल विद्युत विनियामक आयोग – सदस्य
vii. डॉ. सुशांत के. चटर्जी, प्रमुख (विनियामक मामले) केविविआ – संयोजक

कार्य क्षेत्र निम्नानुसार है :

i. केविविआ द्वारा विकसित उत्पादन और पारेषण आस्तियों के लिए मूल्यह्रास दरों को उचित रूप से संशोधित करते हुए वितरण आस्तियों के लिए मूल्यह्रास की दरों के विषय की जांच करना।
ii. फोरम के विचार के लिए वितरण आस्तियों के लिए सिद्धांत/दरों के अवधारण के लिए उपयुक्त ड्राफ्ट मार्गनिर्देश विकसित करना।
iii. वितरण आस्तियों के मूल्यह्रास के अवधारण के लिए विभिन्न सिद्धांतों का पुनरीक्षण जिसे एसईआरसी द्वारा अपनाया गया है।
iv. विद्युत अधिनियम 2003, केन्द्रीय विद्युत अधिकरण या किसी अन्य सांविधिक निकाय द्वारा अधिसूचित विभिन्न विनियम और टैरिफ पॉलिसी के अधीन यथाविनिर्दिष्ट विद्युत क्षेत्र के लिए निवेश पर रिटर्ज और प्रचालन मांग दण्ड की मांग करना।
v. उत्तम पद्धितियों का पता लगाना और मौजूदा मांगदण्डों के कार्यान्वयन में मुख्य चुनौतियां (उपभोक्ता मिक्स, भार मिक्स, राज्य/प्राइवेट स्वामित्व की वितरण यूटिलिटी इत्यादि) और प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उपायों का सुझाव देना।

vi. प्रचलित क्षतिपूर्ति तंत्र का अध्ययन, यदि कोई है जिसमें (क्रम संख्या 3(क) में विनिर्दिष्ट प्रचालन मानदण्डों के संबंध में डिस्कॉम के कुशल या अकुशल प्रचालन के लिए प्रोत्साहन/गैर प्रोत्साहन को उपभोक्ताओं से शेयर किया जाता है।

vii. उक्त से संबंधित कोई अन्य सुझाव, वितरण क्षेत्र के प्रचालन मानदण्डों पर मॉडल मार्गनिर्देशों को विकसित करना।

कार्य दल की प्रमुख सिफारिशें निम्नानुसार है :

मूल्यह्रास पर सिफारिशें

1 वितरण कंपनियों में प्रचलित मौजूदा पद्धति और विषयों का पुनरीक्षण से संकेत मिलता है कि कुछ क्षेत्रों में सुधार अपेक्षित है। इसके आधार पर निम्नलिखित सिफारिशें की जाती हैं।

2 आस्ति श्रेणियां और उप श्रेणियां कंपनी अधिनियम 2013 के अनुसार आस्ति संघटनीकरण के सिद्धांतों पर आधारित होनी चाहिए और लेखा मानदण्डों को पता लगाए जाने की आवश्यकता है। इसमें आस्तियों की सही ग्रुपिंग को परिभाषित करना और इन आस्तियों की श्रेणियों/उप श्रेणियों के अधीन आस्तियों के उपयोगी जीवन का अवधारण शामिल है।

3 यह सलाह दी जाती है कि आस्तियों का उपयोगी जीवन पर मूल्यह्रास दर आधारित होनी चाहिए। इस प्रकार का उपयोगी जीवन अवधारण को उन मामलों में विशेष रूप से समय समय पर पुनरीक्षा की जानी चाहिए जहां आस्तियों में तकनीकी विकास है जो उनके उपयोग को प्रभावित करता है।

4 संभव सीमा तक सभी राज्य विनियामक आयोगों द्वारा मूल्यह्रास दरों को मानकीकृत किया जाए। इससे सभी राज्यों में वितरण टैरिफ को सामान्य करने में मदद होगी। इस संबंध में विभिन्न श्रेणियों/उप श्रेणियों के लिए प्रस्तावित उपयोगी जीवन को एकसमान मूल्यह्रास दर को अवधारित करने के लिए प्रयुक्त किया जाए। साल्वेज मूल्य की प्रतिशतता (सामान्य रूप से 10 प्रतिशत पर) को इस बात पर विचार करते हुए पुनरीक्षा की जाए कि आस्तियों का निराकरण/निपटान की लागत और इन आस्तियों के लिए स्क्रैप की वसूली वितरण में बहुत महत्वपूर्ण नहीं है।

5 सभी आस्तियों के लिए जो आईटी और संचार प्रणाली, भवन, सिविल कार्य, कार्यालय उपकरण, फर्नीचर और फिक्सचर, वाहन इत्यादि जैसे वितरण कारोबार के लिए विनिर्दिष्ट नहीं है वहां विनियम विनिर्दिष्ट कर सकते हैं कि कंपनी अधिनियम के अनुसार इन आस्तियों के लिए दर/उपयोगी जीवन लागू हो सकता है।

6 एसईआरसी आरंभिक वर्षों के लिए मूल्यह्रास दरों की मौजूदा पद्धति का पुनरीक्षण कर सकते हैं जिसके बाद शेष मूल्यह्रास परियोजना की आरंभिक अवधि के दौरान ऋण पुनर्भुगतान पर विचार करते हुए आस्तियों के शेष उपयोगी जीवन का विस्तार अपेक्षित है।

7 सभी वितरण कंपनियों को उक्त तथा विनिर्दिष्ट नियत आस्ति रजिस्टर के रखरखाव के लिए राज्य विनियामक आयोगों द्वारा निर्देश दिया जाए। इस प्रकार के आस्ति रजिस्टर में निम्नलिखित को शामिल किया जाए।

क. खरीद की तारीख, स्थापन्न की तारीख/उपयोग के लिए उपलब्ध, आस्ति श्रेणी/उप श्रेणी जिससे यह संबंधित है जैसे व्यैक्तिक आस्ति मद स्तर के ब्योरे।

ख. प्रत्येक व्यैक्तिक आस्ति पर प्रभारित मूल्यह्रास जब तक यह साल्वेज मूल्य फ्रेशहोल्ड प्राप्त करता है।

ग. व्यैक्तिक आस्ति अव कमीशनिंग/स्क्रैपिंग का रिकार्ड और तुलनपत्र में सकल ब्लाक को कम करना।

वितरण मार्जिन पर सिफारिशें

1 एसईआरसी, आरओई आधारित मार्जिन अवधारण को जारी रख सकता है। यह यूटीलिटी से पर्याप्त और सही डाटा की उपलब्धता पर निर्भर करेगा। इसके अलावा एसईआरसी मौजूदा कार्यनिष्पादन पैरामीटर के विस्तृत उद्यम को पूरा करें और आरओई के अवधारण के लिए कार्यनिष्पादन पैरामीटर की उपयुक्त सीमा को निर्धारित करें।

2 जैसे ही स्मार्ट मीटर का अंगीकरण में वृद्धि होती है तो उपभोक्ता अधिकार का कार्यान्वयन आसान हो जाता है। इसे प्राप्त करने के लिए एसईआरसी क्रमिक मार्ग के लिए रोडमैप उपभोक्ता स्तर कार्यनिष्पादन में कर सकता है। इसके साथ साथ एसईआरसी आरओई आधारित वितरण मार्जिन को फेसआउट कर सकता है और पुरस्कार/दण्ड के लिए तंत्र के रूप में केवल उपभोक्ता स्तर कार्यनिष्पादन पैरामीटर रख सकता है।

एफओआर ने 1.10.2021 को अपनी 76वीं बैठक में कार्य दल की रिपोर्ट और सिफारिशों को अंगीकार किया।

ग. पूरे किए गए अध्ययन

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान एफओआर द्वारा किए गए अध्ययन और अध्ययन रिपोर्ट में की गई सिफारिशें पर नीचे विचार विमर्श किया गया:

1. वितरण आस्तियों और वितरण के लिए प्रचालन और वित्तीय मानदण्ड के लिए मूल्यह्रास के सिद्धांतों को विकसित करने पर अध्ययन

9 अप्रैल 2018 को नई दिल्ली में आयोजित 63वीं बैठक में एफओआर ने ''निवेश पर रिटर्न'' और ''वितरण क्षेत्र में प्रचालन मानदण्ड'' के लिए मानकों को परिभाषित करने सहित सीईआरसी द्वारा विकसित उत्पादन और पारेषण अस्तियों के लिए मूल्यह्रास दरों को उपयुक्त रूप से संशोधित करते हुए वितरण आस्तियों के लिए मूल्यह्रास के मानक दरों को विकसित करने के लिए कार्यसमूह के गठन का निर्णय लिया गया। तदानुसार, अध्यक्ष सीईआरसी की अध्यक्षता में एक छः सदस्यीय ग्रुप गठित किया गया।

इस अध्ययन का उद्देश्य विद्युत वितरण क्षेत्र में मूल्यह्रास की संगणना की विभिन्न पद्धतियों को विश्लेषित करना और टैरिफ अवधारण तथा लेखांकन के संबंध में विषयों को समझना रहा है। इस अध्ययन में भारत में अन्य अवसंरचनात्मक क्षेत्र सहित विभिन्न वितरण क्षेत्र में मूल्यह्रास मानदण्डों के तुलनात्मक विश्लेषण और बैंचमार्किंग को शामिल किया गया है। इस अध्ययन में कारोबार और विनियामक वातावरण में परिवर्तनों के सदर्भ में सुझाव तथा वितरण मार्जिन पर 2009 की एफओआर रिपोर्ट की समीक्षा को भी कवर किया गया है।

मूल्यह्रास पर यूटीलिटी द्वारा मूल्यह्रास को प्रभारित करने में मुख्य विषय में निम्नलिखित को शामिल किया गया।

क. नियत आस्ति रजिस्टर का अभाव : मौजूदा स्थिति में अधिकांश यूटिलिटी के पास स्थान नहीं है। इससे प्रत्येक आस्ति श्रेणी/वर्ग की स्थिति को ठीक से निर्धारित करने में यूटिलिटी नियंत्रित होती है।

ख. आस्तियों का वर्गीकरण और श्रेणीकरण : यूटिलिटी सामान्य रूप से अधिकांश विद्युत नेटवर्क को वर्गीकृत करती हैं जिसमें ''संयंत्र एवं मशीनरी'' के अधीन एलटी लाइन, एचटी लाइन और उपकेन्द्र शामिल हैं और ट्रांसफार्मर/ओवरहेड लाइनों के लिए यथाअनुमोदित आस्तियों की एकसमान दरों का उपयोग करती हैं।

ग. उपयोगी जीवन : वितरण आस्तियों का उपयोगी जीवन कई टैरिफ विनियमों में सभी आस्ति श्रेणियों के लिए विशेष रूप से निर्धारित नहीं किया जाता जिससे टैरिफ विनियमों में निर्धारित इसी प्रकार की दरों में समूची आस्ति श्रेणियों पर मूल्यह्रास दरों का उदग्रहण होता है।

स्टेकहोल्डरों की इनपुट के आधार पर अध्ययन में यह सिफारिश की गई कि :

क. बड़े उपकरण का उपयोगी जीवन और आस्ति ग्रुप नीचे सारणी में दिया गया है:

क्र.सं.	उपकरण	उपयोगी जीवन (वर्षों में)
1.	पावर ट्रांसफार्मर	25
2.	वितरण ट्रांसफार्मर	20
3.	स्विचगियर	10–15
4.	11केवी लाइन	25
5.	एलटी लाइन	20
6.	अण्डरग्राउंड केबल	25
7.	मीटर	10–15

ख. आस्ति श्रेणियां और उप श्रेणियों को कंपनी अधिनियम 2013 के अनुसार आस्ति संघटकीकरण के सिद्धांतों पर आधारित होना चाहिए और लेखांकन मानक का पता लगाए जाने की आवश्यकता है।

ग. मूल्यह्रास दरें आस्ति के उपयोगी जीवन पर आधारित होनी चाहिए। इस प्रकार का उपयोगी जीवन अवधारण की समय समय से समीक्षा की जा सकती है।

घ. जहां तक संभव हो, सभी राज्य विनियामक आयोगों द्वारा मूल्यह्रास दरों को मानकीकृत किया जा सकता है। सालवेज मूल्य की प्रतिशतता (सामान्यता 10 प्रतिशत) कि यह विचार करते हुए पुनरीक्षा की जाए कि आस्तियों के निराकरण/निपटान की लागत तथा इन आस्तियों के लिए स्क्रेप की वसूली वितरण में महत्वपूर्ण नहीं है।

ङ. सभी आस्तियों के लिए जो आईटी और संचार प्रणाली, भवन, सिविल कार्य, कार्यालय उपकरण, फर्नीचर और फिक्सचर, वाहन इत्यादि जैसे वितरण कारोबार के लिए विनिर्दिष्ट नहीं है तो विनियम यह विनिर्दिष्ट कर सकते हैं कि इन आस्तियों के लिए दरें/उपयोगी जीवन कंपनी अधिनियम के अनुसार होंगे।

च. एसईआरसी आरंभिक 12 वर्षों के लिए मूल्यह्रास दरों की मौजूदा पद्धति की पुनरीक्षा कर सकते हैं जिसके बाद शेष मूल्यह्रास परियोजना की आरंभिक अवधि के दौरान ऋण पुनर्भुगतान पर विचार करते हुए शेष उपयोगी जीवन में करना अपेक्षित है।

वितरण मार्जिन पर अध्ययन में यह सिफारिश की गई है कि :

क. एसईआरसी आरओई आधारित मार्जिन अवधारण के उपयोग को जारी रखे। यह यूटिलिटी से सही डाटा और सही और पर्याप्त डाटा की उपलब्धता पर निर्भर होगा। इसके अलावा एसईआरसी मौजूदा कार्यनिष्पादन पैरामीटर को कार्यान्वित करे और आरओई के अवधारण के लिए कार्यनिष्पादन पैरामीटरों की उपयुक्त सीमाएं निर्धारित करें।

ख. जैसे ही स्मार्ट मीटर के अंगीकरण में वृद्धि होती है तो उपभोक्ता अधिकार (नियम) का कार्यान्वयन आसान हो जाता है। इसे प्राप्त करने के लिए एसईआरसी उपभोक्ता स्तर कार्यनिष्पादन में क्रमिक मार्गस्थ के लिए रोडमैप विकसित कर सकता है। इसी के साथ साथ एसईआरसी आरओई आधारित वितरण मार्जिन कर सकता है और रिवार्ड/दण्ड के लिए तंत्र के रूप में उपभोक्ता स्तरीय कार्यनिष्पादन पैरामीटर रख सकता है।

घ. क्षमता निर्माण कार्यक्रम

एफओआर का एक मुख्य उत्तरदायित्व ईआरसी के कार्मिक का क्षमता निर्माण है। निम्नलिखित प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2021–22 में फोरम द्वारा आयोजित किए गए:

1 20–21 जनवरी, 2022 के दौरान सीजीआरएफ के अधिकारियों और लोकपाल के लिए ''उपभोक्ता हित के संरक्षण'' पर दो दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम।

कार्यक्रम के दौरान कवर किए गए मुख्य विषय नियमानुसार है:

क. विनियामक फ्रेमवर्क की भूमिका और उपभोक्ता एडवोकेसी का संस्थानीकरण

ख. उपभोक्ता शिक्षा सशक्तिकरण और निधि के लिए संभावित विकल्प और रणनीतियां

ग. उपभोक्ता शिकायतों के संचालन के लिए क्रियाविधि – एक मॉडल तंत्र

घ. उपभाक्ता सशक्तिकरण और शिकायत निवारण तंत्र

ङ. विद्युत अधिनियम 2003 और उपभोक्ता हित के संरक्षण पर बल देते हुए विनियामक उपबंध

च. विद्युत क्षेत्र में उपभोक्ताओं से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण निर्णय और सवैंधानिक कानून

छ. ग्राहक सेवा पद्धतियों में सुधार के लिए तकनीक का हस्तक्षेप

ज. सीजीआरएफ और विद्युत लोकपाल के समक्ष उत्पन्न महत्वपूर्ण विधिक विषय

2 17–18 फरवरी, 2022 के दौरान एसईआरसी/जेईआरसी के अधिकारियों के लिए ''विद्युत क्षेत्र में विनियामक फ्रेमवर्क'' पर दो दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम

कार्यक्रम के दौरान कवर किए गए महत्वपूर्ण विषय निम्नानुसार है:

क. विद्युत क्षेत्र में विनियामक संगतता और सरकारी पहल विद्युत अधिनियम, 2003 विनियामक उपबंध

ख. विद्युत अधिनियम 2003 संक्षिप्त मामला विचार विमर्श

ग. विद्युत अधिनियम 2003 – संक्षिप्त मामला विचार विमर्श

घ. भारतीय विद्युत ग्रिड कोड विनियम, 2010

ङ. नवीकरणीय अनुसूचीकरण, प्रेषण और विचलन व्यवस्थापन तंत्र

च. विद्युत के अंतरराज्यिक पारेषण के लिए अनुमोदन प्रदान करना और क्रियाविधि। अल्पकालिक निर्बाध पहुंच के लिए निबंधन व शर्तें

छ. विनियामक फ्रेमवर्क (भारतीय विद्युत क्षेत्र में विनियामक संस्थाएं और उनकी कार्यप्रणाली – सीईआरसी और एसईआरसी के उद्देश्य, गठन और कार्य)

ज. एपटेल और एफओआर की भूमिका, सीईआरसी और संबंधित एसईआरसी द्वारा की गई विनियामक पहल, प्रादेशिक विद्युत समिति का गठन और भूमिका

झ. विद्युत बाजार विनियम 2021 – भारत में पावर एक्सचेंज – पुनर्वालोकन

ञ. पॉलिसी मार्गनिर्देश और उद्देश्य – राष्ट्रीय विद्युत योजना, राष्ट्रीय विद्युत नीति और टैरिफ नीति

ट. विनियामक विषय और मध्यस्थता

3 9 से 11 मार्च 2022 के दौरान वर्चुअल मोड के माध्यम से ईआरसी के अधिकारियों के लिए 15वां क्षमता निर्माण कार्यक्रम

कार्यक्रम के दौरान कवर किए गए मुख्य विषय निम्नानुसार है:

क. टैरिफ अवधारण के लिए विनियामक दृष्टिकोण की अर्थशास्त्र

ख. उत्पादन के लिए विनियमित टैरिफ अवधारण

ग. सामान्य नेटवर्क पहुंच : पारेषण पहुंच और पारेषण प्रभारों के लिए प्रभाव

घ. एआरआर के लिए एमवाईटी फ्रेमवर्क और डिस्कॉम के लिए टैरिफ अवधारण

ङ. विद्युत प्रणाली प्रचालन और विचलन व्यवस्थापन तंत्र

च. पावर एक्सचेंजों का प्रचालन और हाल की उपलब्धियां

छ. हाल की विधिक उपलब्धियां और एपटेल आदेश

ज. संसाधन पर्याप्तता : सिद्धांत और पद्धतियां

झ. कार्यनिष्पादन के मानक – कार्यान्वयन और विनियामक चुनौतियां

ञ. ग्राहक सेवा के लिए और उपभोक्ता शिकायत निवारण के लिए तकनीकी हस्तक्षेप

ट. विद्युत बाजार के लिए डेरिवेटिव हेतु पुनर्वालोकन

3 2021-22 के दौरान विनियामक फोरम के सदस्य विनियामक निकायों की उपलब्धियां (सीईआरसी/एसईआरसी/जेईआरसी)

क. सीईआरसी

1. सीईआरसी (विद्युत बाजार) विनियम, 2021

आयोग ने व्याख्यात्मक ज्ञापन सहित 18.7.2020 को सीईआरसी ड्राफ्ट (विद्युत बाजार) विनियम 2020 जारी किया जिसमें स्टेकहोल्डर से टिप्पणियां/सुझावों की मांग की है। उसके बाद आयोग ने 14.8.2020 को ड्राफ्ट विनियमों पर सार्वजनिक सुनवाई आयोजित की।

विस्तृत विश्लेषण के बाद और स्टेकहोल्डरों द्वारा दी गई टिप्पणियों और सुझावों पर विचार करने के बाद सीईआरसी (विद्युत बाजार) विनियम 2021 को अंतिम रूप दिया गया और 15.02..2021 को शासकीय राजपत्र में प्रकाशित किया गया। विनियम 15.8.2021 से प्रवृत्त हुआ।

पीएमआर विनियम 2021 की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार है :

- विनियमों में विभिन्न बाजार की भूमिका और उत्तरदायित्व सहित क्षमता कांट्रेक्ट और सहायक कांट्रेक्ट को शामिल करते हुए विभिन्न प्रकार के डिलीवरी आधारित कांट्रैक्टों को परिभाषित किया गया।
- विनियम पावर एक्सचेंजों या ओटीसी बाजार पर विद्युत से संबद्ध विभिन्न प्रकार के अंतरराज्यिक डिलीवरी आधारित कांट्रेक्टों के लिए लागू होंगे।
- विनियमों में विभिन्न प्रकार के डिलीवरी आधारित कांट्रेक्टों के लिए कीमत डिस्कवरी, डिलीवरी और व्यवस्थापनों के लिए निबंधन व शर्तों को विनिर्दिष्ट किया गया है।
- विनियमों में किसी अवधि के लिए टर्मअहेड कांट्रेक्टों को संशोधित किया गया है जहां विद्युत की भौतिक डिलीवरी संव्यवहार की तारीख से एक दिन आगे से अधिक तारीख पर घटित होती है (टी+2 या अधिक)। तदानुसार इस प्रकार के टर्मअहेड कांट्रेक्टों की डिलीवरी अवधि दैनिक, साप्ताहिक, मासिक या मौसमी, वार्षिक या वर्ष से आगे की कोई अवधि हो सकती है।
- विनियमों में बाजार वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए पावर एक्सचेंजों के लिए पात्रता मानदण्ड, शुद्ध मालियत और सुशासन संरचना को विनिर्दिष्ट किया गया।
- विनियमों में पावर एक्सचेंजों और संकुलता प्रबंधन द्वारा प्रस्तारित सूचना के लिए मार्गनिर्देशों की व्यवस्था है।
- विनियमों में संव्यवहार फीस और व्यापार मार्जिन के लिए विनिर्दिष्ट उपबंधों की व्यवस्था है।
- पावर एक्सचेंजों को 6 महीने की अवधि के अंदर नए विनियमों के साथ उनके नियम और उपनियम समरूप करना अपेक्षित है।
- विनियमों में प्रभावी जोखिम प्रबंधन और बाजार निगरानी के लिए विस्तृत उपबंध है।

- विनियमों में विनिर्दिष्ट बाजार के लिए विनिर्दिष्ट उपबंध हैं जिनके द्वारा सभी पावर एक्सचेंजों से एकत्रित की गई बोलियों को बाजार कपलिंग प्रचालक द्वारा एकसमान बाजार क्लियरिंग कीमत का पता लगाने के लिए सभी प्रकार की बोलियों पर विचार करने के बाद मिलान किया जा सकेगा तथापि इन विनियमों बाजार कपलिंग प्रचालक और बाजार कपलिंग के संबंध में उपबंधों को प्रभाव में लाने के लिए जब भी आयोग द्वारा निर्णय किया जाता है तब आयोग द्वारा अलग से विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

  विनियमों में ओटीसी प्लेटफार्म की बाध्यता और पात्रता मानदण्ड सहित ओटीसी प्लेटफार्म के प्रचालन और स्थापना के लिए शर्तों को विनिर्दिष्ट किया गया है।

2. सीईआरसी (सहायक सेवाएं) विनियम 2022

सीईआरसी ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 79 की उपधारा (1) के खण्ड (ज)(झ) के साथ पठित धारा 178 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और अन्य सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए 31 जनवरी 2022 को सीईआरसी (सहायक सेवाएं) विनियम को अधिसूचित किया गया। इन विनियमों का उद्देश्य 50एचजेड के निकट ग्रिड फ्रिक्वेंसी बनाए रखने के लिए प्रादेशिक एवं राष्ट्रीय स्तर पर सहायक सेवाओं के नियोजन और भुगतान तथा पारेषण नेटवर्क में संकुलता के उनमोचन के लिए और ग्रिडकोड में यथाविनिर्दिष्ट स्वीकार्य बैण्ड के अंदर ग्रिड फ्रिक्वेंसी की बहाली के लिए, प्रशासित एव बाजार आधारित तंत्र के माध्यम से प्राप्ति के लिए तंत्र की व्यवस्था करना है ताकि विद्युत प्रणाली के सुचारु प्रचालन और ग्रिड की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

विनियमों में ऊर्जा स्टोरेज और मांग अनुक्रिया जैसे संसाधनों सहित टैरिटरी रिज़र्व सहायक सेवा और द्वितीयक सहायक सेवा जैसी सहायक सेवाओं भुगतान और नियोजन, प्राप्ति के तंत्र की व्यवस्था है। विनियम में ऊर्जा के लिए वास्तविक समय बाजार और मौजूदा डेअहेड बाजार में अलग सहायक सेवा उत्पाद के माध्यम से टीआरएस के लिए बाजार आधारित तंत्र की व्यवस्था है।

यह विनियम ऐसी तारीख से प्रवृत्त होंगे जिन्हें आयोग द्वारा अधिसूचित किया जाता है।

3. सीईआरसी (विचलन व्यवस्थापन तंत्र) विनियम, 2022 सीईआरसी (सहायक सेवाएं) विनियम 2022

सीईआरसी ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 79 की उपधारा (1) के खण्ड (ग)(ज) के साथ पठित धारा 178 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और अन्य सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए 14 मार्च 2022 को सीईआरसी (विचलन व्यवस्थापन तंत्र) विनियम को अधिसूचित किया गया। इन विनियमों का उद्देश्य वाणिज्यिक तंत्र के माध्यम से यह सुनिश्चित करना है कि ग्रिड के प्रयोक्ता विचलित नहीं होते और ग्रिड की स्थिरता और सुरक्षा के हित में विद्युत के अंतःक्षेपण प्रत्याहार की उनकी अनुसूची का पालन करते हैं।

विनियमों में विनियम ग्रिड की स्थिरता और सुरक्षा, विश्वसनीयता के हित में विद्युत के अंतःक्षेपण या प्रत्याहार की अनुसूची से विचलन के व्यवस्थापन और संव्यवहार के लिए विनियामक तंत्र की व्यवस्था है। विनियमों में अन्य बातों के साथ साथ विचलन की संगणना की पद्धति, प्रादेशिक इकाइयों पर उदग्रहित किए जाने वाले विचलन के लिए प्रभारों की भी व्यवस्था है यदि वे विद्युत के अंतःक्षेपण और प्रत्याहार और उनसे संबद्ध मामलों से विचलित हो जाते हैं।

यह विनियम ऐसी तारीख से प्रवृत्त होंगे जिसे आयोग द्वारा अधिसूचित किया जाता है।

4. सीईआरसी (विद्युत आपूर्ति का विनियम) विनियम 2010 – निरस्त करना

विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 178 और अन्य सभी सामर्थ्यकारी शक्तियों का प्रयोग करते हुए सीईआरसी (विद्युत आपूर्ति का विनियम) विनियम 2010 को विनिर्दिष्ट किया है जिसे सीईआरसी (विद्युत आपूर्ति का विनियम) (प्रथम संशोधन) विनियम, 2021 के माध्यम से संशोधित किया।

सीईआरसी ने 26.10.2021 के अधिसूचना सं. एल–1/42/2010/सीईआरसी के माध्यम से सीईआरसी (विद्युत आपूर्ति का विनियम) (प्रथम संशोधन) विनियम 2021 सहित सीईआरसी (विद्युत आपूर्ति का विनियम) विनियम 2010 को निरस्त किया।

5. ''अंतरराज्यिक पारेषण प्रणाली के लिए नवीकरणीय स्रोतों पर आधारित परियोजनाओं के लिए संयोजकता प्रदान करना'' के लिए संशोधित क्रियाविधि

सीईआरसी ने 20 फरवरी 2021 की अधिसूचना सं. एल–1/(3)/2009 सीईआरसी के माध्यम से सीईआरसी (अंतरराज्यिक पारेषण में दीर्घकालिक पहुंच और मध्यकालिक निर्बाध पहुंच, संयोजकता प्रदान करना और संबद्ध मामले) विनियम, 2009 के विनियम 27 के अंतर्गत ''अंतरराज्यिक पारेषण प्रणाली के लिए नवीकरणीय स्रोतों पर आधारित परियोजनाओं को संयोजकता प्रदान करना'' के लिए क्रियाविधि के पुनरीक्षण के लिए अधिसूचित किया।

अंतरराज्यिक पारेषण प्रणाली में नवीकरणीय स्रोतों पर आधारित परियोजनाओं के लिए संयोजकता प्रदान करने के लिए संशोधित क्रियाविधि में निम्नलिखित को शामिल किया गया है:

क. स्टेज–1 और स्टेज–2 कनेक्शन के लिए पात्रता
ख. संयोजकता और बैंक गारंटी के संबंध में उपबंध
ग. स्टेज–1 संयोजकता के लिए मॉनिटरिंग और आवेदन, ग्रांट, प्रगति
घ. स्टेज–2 संयोजकता के लिए आवेदन, ग्रांट, प्रगति और मॉनिटरिंग
ङ. स्टेज–2 संयोजकता प्रदान करने के बाद नवीकरणीय परियोजनाओं की प्रगति की मॉनिटरिंग
च. समर्पित पारेषण अवसंरचना की तकनीकी अपेक्षाएं
छ. स्टेज–2 संयोजकता की अतिरिक्त मात्रा (वृद्धि) के लिए आवेदन
ज. संयोजकता की शेयरिंग और समर्पित पारेषण लाइन
झ. स्टेज–2 संयोजकता ग्रांटी के पूलिंग स्टेशन का उपयोग

ख. राज्य विद्युत विनियामक आयोग

1) असम विद्युत विनियामक आयोग

निम्नलिखित विनियम को वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान अधिसूचित किया गया।

क. एईआरसी (बहुवर्ष टैरिफ के अवधारण के लिए निबंधन व शर्तें) विनियम 2021

ख. एईआरसी (वितरण अनुज्ञप्तिधारियों के कार्यनिष्पादन के मानक) विनियम 2021

आयोग ने निम्नलिखित आदेश जारी किए:

क. असम पावर वितरण कंपनी लिमिटेड के लिए वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु टैरिफ और वित्तीय वर्ष 2022–23 से 2024–25 के लिए एआरआर, वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए एपीआर, वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए ट्रूअप।

ख. नमरूप प्रतिस्थापन्न पावर प्रोजेक्ट के लिए वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए टैरिफ और वित्तीय वर्ष 2022–23 से 2024–25 की नियंत्रण अवधि के लिए एआरआर, वित्तीय वर्ष 2021–22 के एआरआर, पूंजी लागत का अनुमोदन।

ग. असम पावर उत्पादन कार्पोरेशन लिमिटेड के लिए वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए टैरिफ और वित्तीय वर्ष 2022–23 से वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए एआरआर, वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए एपीआर, वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए ट्रूअप।

घ. राज्य भार प्रेषण केन्द्र के लिए वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए टैरिफ और वित्तीय 2022–23 से वित्तीय 2024–25 के लिए एआरआर, वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए एपीआर, वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए ट्रूअप।

ङ. असम विद्युत ग्रिड कार्पोरेशन लिमिटेड के लिए वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए टैरिफ और वित्तीय 2022–23 से वित्तीय 2024–25 के लिए एआरआर, वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए एपीआर, वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए ट्रूअप।

च. असम पावर वितरण कंपनी लिमिटेड के लिए प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान के संघटक क के अधीन एपीडीसीएल द्वारा विद्युत की प्राप्ति के लिए पूर्व नियत स्तरीकृत टैरिफ का अनुमोदन।

छ. असम पावर विद्युत कंपनी लिमिटेड के लिए क्षेत्र–2 (गोलपाड़ा, बोंगेगांव, बारपेटा, नलबाड़ी, कामरूप (ग्रामीण) एवं कामरूप (मेट्रो)) में जयंत खोंड के संबंध में पारदर्शी प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के माध्यम से पता लगाए गए टैरिफ को अंगीकार करना।

ज. असम पावर वितरण कंपनी लिमिटेड के लिए क्षेत्र–1 (लॉवर असम जोन) और क्षेत्र–3 (कचर, हेलाकांडी और करीमगंज) में पुरषोत्तम प्रोफाइल प्राइवेट लिमिटेड के संबंध में पारदर्शी प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के माध्यम से पता लगाए गए टैरिफ को अंगीकार करना।

2). आंध्रप्रदेश विद्युत विनियामक आयोग

आयोग ने निम्नलिखित आदेश जारी किए:

क. वित्तीय वर्ष 2019–20 से 2023–24 के लिए चौथी नियंत्रण अवधि के लिए वितरण कारोबार हेतु विलिंग प्रभार और एआरआर के अवधारण के मामले में 2018 के ओपी संख्या 28 और 29 में आदेश

ख. चौथी नियंत्रण अवधि के लिए एपगेंको उत्पादन केन्द्रों के लिए टैरिफ के अवधारण के मामले में 2018 के ओपी संख्या 35 में आदेश।

ग. वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए खुदरा आपूर्ति टैरिफ आदेश पर आदेश

घ. ऊर्जा परियोजना में वेस्ट के लिए टैरिफ के अवधारण के मामले में 2018 के ओपी संख्या 24 में आदेश।

ङ सौर रूफटॉप पॉलिसी के कार्यान्वयन के लिए मोडेलिटी मार्गनिर्देशों के मामले में आदेश।

च. 2019 के ओपी संख्या 32 में एपीईपीडीसीएल में सौर रूफ टॉप पायलट कार्यक्रम ड्रिवन युटिलिटी पर आदेश।

छ. एपट्रेन्सों के टैरिफ में वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए पीओसी प्रभारों पर 2019 के ओपी संख्या 44 में आदेश।

ज. विस्तृत भार पूर्वानुमान और संसाधन योजनाओं के अनुमोदन पर आदेश

झ. मौजूदा बायोमास औद्योगिक वेस्ट और बगासे आधारित संयंत्रों के संबंध में 01.04.2019 से 31.03.2024 की अवधि के लिए परवर्ती लागत के मामले में आदेश।

3. बिहार विद्युत विनियामक आयोग

निम्नलिखित विनियम वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान अधिसूचित किया गया:

क. बिहार विद्युत विनियामक आयोग (उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, विद्युत लोकपाल एवं उपभोक्ता एडवोकेसी) (दूसरा संशोधन) विनियम, 2021

ख. बिहार विद्युत विनियामक आयोग (बहुवर्ष पारेषण टैरिफ और एसएलडीसी प्रभार) विनियम, 2021

ग. बिहार विद्युत विनियामक आयोग (बहुवर्ष वितरण) विनियम, 2021

आयोग ने निम्नलिखित आदेश जारी किए:

क. उत्तरी बिहार विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड और दक्षिण बिहार विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के लिए वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु रिटेल टैरिफ के अवधारण और वित्तीय वर्ष 2022–23 से वित्तीय वर्ष 2024–25 की नियंत्रण अवधि के लिए एआआर, वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए एपीआर, वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए ट्रूअप।

ख. वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए पारेषण प्रभारों के अवधारण और वित्तीय वर्ष 2022–23 से वित्तीय वर्ष 2024–25 की नियंत्रण अवधि के लिए एआरआर, वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए एपीआर, वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए ट्रूइंगअप।

ग. वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए एसएलडीसी प्रभारों और वित्तीय वर्ष 2022–23 से वित्तीय वर्ष 2024–25 की नियंत्रण अवधि के लिए एआरआर, वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए एपीआर, वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए ट्रूअप।

4) छत्तीसगढ़ विद्युत विनियामक आयोग

निम्नलिखित विनियमों को वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए अधिसूचित किया गया:

क. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत विनियामक आयोग (अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवाओं की शर्तें और भर्ती) (प्रथम संशोधन) विनियम, 2021

ख. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीय क्रय बाध्यता और आरईसी फ्रेमवर्क) विनियम, 2021

ग. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ एवं प्रभारों से प्रत्याशित राजस्व के अवधारण के लिए क्रियाविधि और पद्धति तथा बहुवर्ष टैरिफ सिद्धांतों के अनुसार टैरिफ के अवधारण के लिए निबंधन व शर्तें) विनियम, 2021

घ. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत विनियामक आयोग (ग्रिड इन्टरेक्टिव वितरित नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत) (प्रथम संशोधन) विनियम, 2021

आयोग ने निनलिखित आदेश जारी किए:

क. विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 86(1) (क) के साथ पठित धारा 62 के अधीन 2021 (टी) की याचिका संख्या 03। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए रिटेल आपूर्ति टैरिफ और एआरआर के अवधारण और वित्तीय वर्ष 2018–19 से वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए अंतिम ट्रूअप के मामले में।

ख. विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 86(1) (क) के साथ पठित धारा 62 के अधीन 2021 (टी) की याचिका संख्या 04। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी लिमिटेड के वित्तीय वर्ष 2021–22 के टैरिफ और एआरआर के अवधारण और वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए अंतिम ट्रूअप के मामले में।

ग. विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 86(1) (क) के साथ पठित धारा 62 के अधीन 2021 (टी) की याचिका संख्या 05। छत्तीसगढ़ राज्य भार प्रेषण केन्द्र के वित्तीय वर्ष 2021–22 के टैरिफ और एआरआर के अवधारण और वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए अंतिम ट्रूअप के मामले में।

घ. विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 86(1) (क) के साथ पठित धारा 62 के अधीन 2021 (टी) की याचिका संख्या 09। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड के वित्तीय वर्ष 2021–22 के टैरिफ और एआरआर के अवधारण तथा वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए अंतिम ट्रूअप के मामले में।

ङ भारत सरकार की पीएम कुसुम योजना के संघटक ग के अधीन सौर कृषि पम्प से अधिक पावर के क्रय के लिए दर और भारत सरकार द्वारा आरंभ की गई पीएम कुसुम के संघटक क के अधीन स्थापित की जाने वाले 500 किलोवाट से 2 किलोमेगावाट की क्षमता वाले विकेन्द्रीकृत सौर विद्युत संयंत्रों से विद्युत की बिक्री के लिए फीडइन टैरिफ के लिए 2021 का स्वप्रेरणा याचिका संख्या 29 में 30 अक्तूबर 2021 को आदेश।

च. निम्नलिखित नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत आधारित वितरण अनुज्ञप्तिधारी के लिए वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए जेनरिक वरीयता टैरिफ के 2021 अवधारण की स्वप्रेरणा याचिका संख्या 43 में 12 अक्तूबर, 2021 का आदेश। क. मिनी/माइक्रो हाइड्रो परियोजनाओं (2 मेगावाट तक) विद्युत की आपूर्ति करने वाले विद्युत संयंत्र ख. 5 मेगावाट से कम लघु हाइड्रो परियोजनाएं ग. 5 मेगावाट से 10 मेगावाट की लघु हाइड्रो परियोजना घ. 10 मेगावाट से 25 मेगावाट तक लघु हाइड्रो परियोजनाएं ङ गैर जीवाश्म ईंधन आधारित सह–उत्पादन परियोजनाएं

5). दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग

निम्नलिखित विनियमों को वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान अधिसूचित किया गया:

क. दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (ग्रुप नेट मीटरिंग और नवीकरणीय ऊर्जा के लिए वचुर्अल नेटमीटरिंग) (चतुर्थ संशोधन) मार्गनिर्देश 2022

आयोग ने निम्नलिखित आदेश जारी किए:

क. वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए 7 टैरिफ आदेश जारी किए गए (2 उत्पादन कंपनी आदेश, 1 पारेषण अनुज्ञप्तिधारी आदेश, 4 वितरण अनुज्ञप्तिधारी आदेश 31 मार्च, 2022 को या उससे पूर्व के हैं।)

6). गुजरात विद्युत विनियामक आयोग

- वर्ष 2021–22 के दौरान आयोग ने वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए 15 टैरिफ आदेश जारी किए। (2020–21 का ट्रूइंगअप, कुल राजस्व अपेक्षा का अनुमोदन और वित्तीय 2022–23 के लिए टैरिफ का अवधारण) जिसमें 2 उत्पादन कंपनी आदेश, 1 पारेषण अनुज्ञप्तिधारी आदेश, गुजरात एसएलडीसी आदेश और 11 वितरणअनुप्तिधारी आदेश 31 मार्च, 2022 को या उससे पूर्व शामिल हैं।

7) हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग

निम्नलिखित विनियमों को वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान अधिसूचित किया गया।

